रैली निकालकर किया सफाई के प्रति जागरूक

जागरण संवाददाता, नारनौल : गांव मेघोत बिंजा में एसएम सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के सहयोग से चल रहे परिवर्तन परियोजना के तहत शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था सदस्य हनुमान शर्मा व शैलेश पंत ने बताया कि संस्था द्वारा नौ गांव में परिवर्तन परियोजना अभियान चला जा रहा है। जिसमें विद्यालय के बच्चे, ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने गांव में स्वच्छता रैली निकाली और गांव की गलियों व नालियों की सफाई की। वहीं गांव में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया गया। संस्था सदस्य सुरजीत कुमार ने ग्रामीणों को अपने घरों का कूड़ा करकट गलियों व नालियों में न डालकर गांव से दूर एक उचित स्थान पर डालने की शपथ दिलाई। हनुमान शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि वे प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करें और दूसरों को न करने दे, क्योंकि प्लास्टिक की थैली बहुत ही हानिकारक होती है। इससे जमीन में पानी का रिचार्ज नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खुले में शौच न जाकर घरों में शौचालय का प्रयोग करें। इस दौरान विद्यालय के मुख्याध्यापक व गांव के सरपंच देवेंद्र ने हरी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार, वीरेंद्र कुमार, अंकुश शर्मा, संजीव कुमार, रमेश भाटी, सोमवती व विजय आदि उपस्थित थे।

स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे • जागरण

Dainik Jagran

Sensitization drive to promote cleanliness

A cleanliness drive was conducted in village Meghot Binja under HDFC Bank's partnership project Parivartan with Sehgal Foundation. Schoolchildren, women and men actively took part in the drive and cleaned the village streets. The project implementation team members, Surjeet Kumar and Hanuman Sharma laid emphasis on keeping the streets clean, proper waste disposal, and doing away with single use plastic.